# लोक शिक्षण संचालनालय

**छत्तीसगढ़**

**प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर**

फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com


क्रमांक / सी.भ.2023 / स.शि. / 2025 / 95 नवा रायपुर, दिनांक 13.03.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, छ.ग. के पारित निर्णय के अनुक्रम में सीधी भर्ती 2023 अंतर्गत **सहायक शिक्षक पद** की **पंचम चरण** की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि न्यायालयीन निर्देशानुसार सीधी भर्ती 2023 में बी.एड. अर्हता के आधार पर चयनित 2621 सहायक शिक्षकों की सेवायें विभाग द्वारा समाप्त की गई है, उनके स्थान पर भर्ती परीक्षा में शामिल डी.एड. अर्हताधारियों को पंचम चरण की भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया गया है। अभ्यर्थियों की सूची विभाग के वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in पर उपलब्ध है।

पंचम चरण की भर्ती प्रक्रिया शासन के निर्देशानुसार ऑफलाईन मोड में की जा रही है। अतः अभ्यर्थियों को पूर्व की भांति विभाग के पोर्टल पर जाकर ऑनलाईन काउंसलिंग का अवसर नहीं मिलेगा। शाला आबंटन की सूची विभाग के पोर्टल पर दिनांक 18.03.2025 को जारी की जायेगी।

शालाओं के आबंटन पश्चात् अभ्यर्थियों का **दस्तावेज सत्यापन आबंटित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जायेगा।** अभ्यर्थी समस्त आवश्यक मूल अभिलेखों सहित नियत समयावधि में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी में उपस्थिति प्रदान करेगें।

दस्तावेज सत्यापन की समय–सारिणी संलग्न सूचना पत्र के अनुसार है।

**संलग्न** :– सूचना पत्र दिनांक 13.03.2025।

**उप संचालक**
**लोक शिक्षण संचालनालय**
**छत्तीसगढ़**

# लोक शिक्षण संचालनालय
## छत्तीसगढ़
**प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर**

फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com


क्रमांक / सी.भ.2023 / सहा.शि. / 2025 / 94 नवा रायपुर, दिनांक 13.03.2025

## शिक्षक सीधी भर्ती–2023

## / / सूचना / /

लोक शिक्षण संचालनालय, छ.ग. के पत्र क्रमांक / सी.भ.2023 / सहा.शि. / 2025 / 58 एवं 80 के द्वारा सीधी भर्ती –2023 में सहायक शिक्षक पद की पंचम चरण की भर्ती प्रक्रिया हेतु कुल 2615 अभ्यर्थियों की रोस्टर एवं मेरिट क्रमानुसार प्राविधिक चयन सूची जारी की गई थी।

(2) छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक एफ 2–14 / 2025 / 20–तीन, दिनांक 25.02.2025 के द्वारा सहायक शिक्षक के पांचवे चरण की भर्ती प्रक्रिया में शाला आबंटन की प्रविधि की स्वीकृति प्रदान की गई है, जो निम्नानुसार है :–

i. जिन जिलों से जितनी संख्या में जिस संवर्ग (अनारक्षित, अ.जा., अ.ज.जा. एवं अ.पि. वर्ग) के अभ्यर्थियों की सेवायें समाप्त की गई है, उस जिले में उतनी ही संख्या में समान संवर्ग के अभ्यर्थियों को भेजा जायेगा।

ii. जिस मेरिट क्रमानुसार बी.एड. अर्हताधारी अभ्यर्थी की सेवा समाप्त की गई है तथा उनकी सेवा समाप्ति से जिन शालाओं / जिलों में पद रिक्त हुआ है, उसी मेरिट क्रमानुसार डी.एड. अर्हताधारियों का उन्हीं शालाओं / जिलों में पदांकन किया जायेगा। (उदाहरण के लिये यदि जशपुर जिले से अनारक्षित 92, अ.जा. 18, अ.ज. जा. 221 एवं अ.पि.वर्ग 50 कुल 386 सहायक शिक्षकों की सेवाये समाप्त की गई है तो पांचवे चरण में जशपुर जिले में मेरिट क्रमानुसार अनारक्षित 92, अ.जा. 18, अ.ज.जा. 221 एवं अ.पि.वर्ग 50 कुल 386 अभ्यर्थयों का पदांकन किया जायेगा।)

शासन के उपरोक्त पत्र के अनुक्रम में सीधी भर्ती –2023 में सहायक शिक्षक के पांचवें चरण की भर्ती प्रक्रिया हेतु संचालनालय द्वारा अभ्यर्थियों को सीधे ही विद्यालय एवं जिला का आबंटन किया जायेगा।

(3) **चूंकि शाला आबंटन की प्रक्रिया ऑफलाईन की जा रही है, अतः अभ्यर्थियों को ऑनलाईन काउंसिलिंग में भाग लेने / शाला आबंटन के संबंध में SMS एवं उनके लॉगिन पोर्टल पर MESSAGE के माध्यम से सूचित नहीं किया जायेगा।**

(4) पांचवे चरण में शामिल अभ्यर्थियों के लिये शाला आबंटन की जिला सह विद्यालयवार सूची विभाग के वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in में पृथक से जारी की जायेगी।

(5) अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन आबंटित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जायेगा। प्रत्येक अभ्यर्थी नियत तिथि को दस्तावेज सत्यापन हेतु अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। दस्तावेज सत्यापन की नियत तिथि में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति से दिनांक 26.03.2025 तक शामिल हो सकेंगे।

(6) निर्धारित समयावधि के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन का अवसर प्रदान नही किया जायेगा।

(7) दस्तावेज सत्यापन में अपात्र होने वाले अभ्यर्थी चाहें तो लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, नया रायपुर में अपना दावा आपत्ति दिनांक 02.04.2025 से 09.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकेंगे।

(8) सहायक शिक्षक पद के पांचवें चरण की भर्ती प्रक्रिया हेतु निम्नानुसार समय–सारिणी निर्धारित की जा रही है :–

| स.क्र. | गतिविधि | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|
| 1 | विभाग के वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in में पांचवे चरण की हेतु शाला आबंटन की सूची जारी | दिनांक 18.03.2025 |
| 2 | आबंटित जिलों में अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन | दिनांक 19.03.2025 से 26.03.2025 तक |
| 3 | नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी करना | दिनांक 28.03.2025 |
| 4 | चयनित अभ्यर्थियों के लिये पदांकित संस्था में कार्यभार ग्रहण की अंतिम तिथि | दिनांक 11.04.2025 |

**अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विभाग की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।**

(संचालक द्वारा अनुमोदित)

**उपसंचालक**
**लोक शिक्षण संचालनालय**

D drive/E/2025/letter 2025